मुख्यमंत्री आज राजनांदगांव के दौरे पर

रायपुर, 13 फरवरी । मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह बुधवार 14 फरवरी को राजनांदगांव जिले के दौरे पर रहेंगे। डॉ. सिंह दोपहर 12.30 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे और दोपहर एक बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे। डॉ. सिंह वहां 1.15 बजे कामठी लाइन में स्थित चार्टर एकाउंटेंट भवन का लोकार्पण करेंगे और 1.30 बजे शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3.10 बजे पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित झरिया धोबी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद शाम 4.10 बजे नगर पालिक निगम राजनांदगांव के उद्यान का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.50 बजे राजनांदगांव से प्रस्थान करेंगे और 5.20 बजे रायपुर लौट आएंगे।

माता पिता के चरणों में स्वर्ग कार्यक्रम का आयोजन 14 को

रायपुर, 13 फरवरी । प्रयास एक कोशिश जय हिंद एवं सत्यकाम द्वारा 14 फरवरी को माता पिता के चरणों में स्वर्ग कार्यक्रम का आयोजन मुक्ताकाशी मंच चड़ी चौक संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत कुकरेजा पार्षद शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड एवं विशिष्ट अतिथि संत साईं लाल दास पीठाधीश सिंधु अमरधाम आश्रम चक्रभाटा बिलासपुर एवं अध्यक्ष महंत राम सुंदरदास मठाधीश दूधाधारी मठ रहेंगे। उक्त कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण में बुजुर्गों द्वारा फैशन शो आयोजित है। जिसमें संजीवनी वृद्धा आश्रम कोटा एवं कोपलवाणी के बुजुर्ग भाग ले रहे है। द्वितीय चरण का आयोजन महाआरती के साथ शाम 5 से 8.30 के बीच संपन्न होगा। यह जानकारी अध्यक्ष विनोद कुमार छेतीजा ने दी।

डिजीटल युग में आंकड़ों का महत्व बढ़ा

रायपुर13 फरवरी। इस मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा डिजिटल युग में आंकड़ों का महत्व और अधिक बढ़ गया है। लोगों के पास इतना वक्त नहीं होता कि वे विस्तृत जानकारी पढ़ सके। ऐसे में साख्यिकी के सही प्रस्तुतिकरण के जरिये कम समय में अपनी बात पूरी की जा सकती है। पढ़ाई में भी इससे विशेष सहयोग मिलता है। सरकार भी अपनी योजनायें तैयार करते वक्त इसकी सहायता लेती है। आईटी सेक्टर और बैंक एलआईसी कृषि मौसम विभागों के साथ ही अन्य विभागों में महत्वपूर्ण भूमिका साख्यिकीय निभा रही है। उच्च शिक्षा व अनुसंधान में सरकारी विभागों में साख्यिकी एवं आर्थिक नीतियों के नियोजन में प्रत्येक वित्तीय वर्ष देश की जनता की बजट बनाने व अन्य कार्यों में साख्यिकी की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की गई डॉ एसपी काणे ने कहा साख्यिकी एक कला है। छात्रों द्वारा शोध एवं अनुसंधान कार्यों में इसका इस्तेमाल न सिर्फ शोध कार्य में उनकी सहायता करता है बल्कि इससे शोध की गुणवत्ता भी सुधरती है। हर क्षेत्र में आंकड़े आधारित जानकारियों का विशेष महत्व होता है। आंकड़ों की प्रस्तुति किस तरह से की जा रही है। इसका भी ध्यान रखना जरूरी है। इस दौरान रविवि के कुलपति प्रोएसके पांडे प्रोफेसर बीके शर्मा एचके पाठक कल्लोल घोष संजय कुमार सहित अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षकगण व छात्र मौजूद रहे। संचालन विभागाध्यक्ष डॉ प्रभा रोहतगी ने किया।

व्यापारी ने की आत्महत्या, जिम्मेदार कौन-कन्हैया

रायपुर, 13 फरवरी । प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने राजनांदगांव के फाइनेंस बोकर महावीर चौरड़िया के द्वारा की गई आत्महत्या के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि चौरड़िया ने जीएसटी और नोटबंदी के कारण परेशान होकर आत्महत्या की है । श्री अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी ने एक व्यापारी की जान ले ली है। शहर के सबसे बड़े फाइनेंस बोकर को आत्महत्या करने मजबूर होना पड़ा । आत्महत्या पूर्व जारी बयान में स्व.चौरड़िया ने स्पष्ट रूप से कहा की नोटबंदी और जीएसटी के कारण व्यापार-उद्योग चौपट हो गए है, मंदी के कारण बाजार से पैसा वापस नही हो रहा। दूसरी तरफबड़े फाइनेंसर पैसा वापस लाने प्रताड़ित कर रहे है। जिसके कारण मै आत्महत्या कर रहा हूँ । कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने कहा कि प्रदेश में यह पहला मामला है जो उजागर हुआ, अन्यथा सैकडों लोग जीएसटी और नोटबंदी का शिकार हो चुके है। अभी 06 माह में इसके और दुष्परिणाम सामने आएंगे । उन्होंने आत्महत्या के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ की पंचायती राज व्यवस्था सबसे ज्यादा जागरूक : रमन सिंह

0 मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने हमर छत्तीसगढ़ योजना के तहत विधानसभा आए पंचायत प्रतिनिधियों को किया संबोधित

रायपुर, 13 फरवरी । मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की पंचायती राज व्यवस्था सबसे ज्यादा जागरूक और सक्रिय है। पंचायतों की सक्रियता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सबसे पहले खुले में शौच मुक्त राज्य बन रहा है। मुख्यमंत्री आज यहां विधानसभा परिसर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में हमर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत विधानसभा के भ्रमण पर आए धमतरी जिले के कुरूद, जांजगीर-चांपा जिले के चन्द्रपुर, कांकेर और बस्तर जिले से आए पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों की सक्रियता से स्वच्छ छत्तीसगढ़ और स्वच्छ भारत की कल्पना साकार होगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पाने से बचे हुए पात्र वृद्धजन, विधवा और परित्यताओं के नाम पेंशन योजना में जोड़े जाएंगे। वर्ष 2018-19 के बजट में इस योजना की घोषणा कर दी गई है। अनुमान के मुताबिक इन वर्गों के लगभग तीन लाख पात्र हितग्राहियों के नाम पेंशन योजना के लिए जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें विधानसभा के कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं भी जनप्रतिनिधियों को दी।

विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने पंचायती राज जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश में अकेला राज्य है। जहां पंचायत राज संस्थाओं के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा राजधानी में आमंत्रित कर उन्हें प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिससे हमारे जनप्रतिनिधि यह समझ सके कि छत्तीसगढ़ विकास के रास्ते पर कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस वर्ष के बजट में एक साथ 30 नए महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी बताया कि बजट में पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है। अग्रवाल ने पंचायत प्रतिनिधियों को बताया कि बजट की घोषणा से प्रदेश की लगभग 70 हजार मितानिनों के मानदेय में 400 से 1000 रूपए तक की वृद्धि होगी। त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष का मानदेय 10 हजार रूपए से बढ़ाकर 15 हजार रूपए, जिला पंचायत सदस्यों का मानदेय चार हजार से बढ़ाकर छह हजार रूपए, जनपद पंचायत अध्यक्षों का मानदेय साढ़े चार हजार रूपए से बढ़ाकर छह हजार रूपए, जनपद पंचायत उपाध्यक्षों का मानदेय 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपए और जनपद सदस्यों का मानदेय 1200 से बढ़कर 1500 रूपए का दिया गया है। रोजगार सहायकों को कोटवारों के मानदेय में भी वृद्धि की गई है।

गांवों के विकास के लिए समर्पित भाव से काम करें पंच-सरपंच : अजय चंद्राकर

रायपुर, 13 फरवरी । पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री अजय चंद्राकर से आज यहां उनके निवास कार्यालय में हमर छत्तीसगढ़ योजना के तहत अध्ययन भ्रमण के लिए रायपुर आए पंचायत प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की। श्री चंद्राकर ने पंचायत प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो आगे बढ़ना चाहते हैं, वो लगन और ईमानदारी से उस दिशा में काम करते हैं। उन्होंने पंच-सरपंचों को गांवों के विकास के लिए समाज हित में समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। श्री चंद्राकर ने कहा कि अधोसंरचना निर्माण को ही विकास नही कहा जा सकता। समाज के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति में भी अपनी सहभागिता देनी चाहिए। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि किसानों को धान के अलावा वैकल्पिक फसल भी लेना चाहिए, ताकि अतिरिक्त आमदनी हो और किसान आर्थिक रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रतिनिधियों को सीख दी। श्री चंद्राकर ने कहा कि जनप्रतिनिधि शिक्षा के क्षेत्र में भी आम लोगों को जागरूक करें। उन्होंने शासन की कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए और अधिक सक्रियता से काम करने कहा। श्री चंद्राकर ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमर छत्तीसगढ़ योजना वास्तव में पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण भी है। राजधानी आकर हमारे प्रतिनिधि विधानसभा, सचिवालय की कार्यप्रणाली से परिचित होते हैं। फिल्म, विभागों के विभिन्न प्रकाशनों , लोक कलाकारों के कार्यक्रमों के जरिए उन्हें योजनाओं की जानकारी मिलती है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में खेती किसानों के आधुनिक तौर तरीकों से परिचित होने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को लाभ दिलाएं। श्री चंद्राकर ने बताया कि यदि गांव में हर परिवार का मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का स्मार्ट कार्ड बन जाता है, तो जीवन भर के लिए उस परिवार के लिए एक बड़ी सहायता होगी। राज्य सरकार द्वारा स्मार्ट कार्ड से इलाज की बीमा राशि 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को गांव में टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्था का ध्यान रखना चाहिए, सभी बच्चे स्कूल जा रहे हैं या नहीं, शिक्षक नियमित रुप से बच्चों को पढ़ा रहे हैं या नहीं। उन्होंने गांवों को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाये रखने, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने का सुझाव दिया।

राज्य में बिना स्पीड गवर्नर वाले वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त होगा : ए.डी.जी.पी.

0 सड़क दुर्घटना रोकने हेतु अंतर्विभागीय लीड एजेंसी की बैठक सम्पन्न

रायपुर, 13 फरवरी । सर्वोच्च न्यायालय के अधीन गठित सड़क सुरक्षा समिति के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अन्तर्विभागीय लीड ऐजेंसी (छत्तीसगढ़) की बैठक आज अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेल-यातायात) टी.जे. लांगकुमेर की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये किये जाने वाले प्रयासों का विभागवार विवरण प्रस्तुत किया गया।

लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग) एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा प्रदेश में नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाइवे पर चिन्हित ब्लेक स्पॉट (दुर्घटना जन्य स्थानों) में किये गये सुधारात्मक उपायों का प्रस्तुतिकरण किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लांगकुमेर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में विभाग द्वारा निर्धारित समय-सीमा 31 मार्च 2018 तक ब्लेक स्पॉट में सुधारात्मक कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य भर में नये ब्लेक स्पॉट कुल 29 चिन्हित किये गये है, इनमें 16 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 13 ब्लेक स्पॉट का कार्य 31 मार्च 2018 तक पूर्ण हो जायेगा। बैठक में परिवहन विभाग की उपायुक्त श्रीमती श्वेता सिन्हा ने बताया कि पिछले दिनों राज्य भर में 22 हजार व्यावसायिक वाहनों की जांच की गई। इसमें 1820 वाहनों में स्पीड गवर्नर नहीं पाये जाने पर फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया। वाहनों के गति नियंत्रण विषय पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने कहा कि केवल फिटनेश जांच के समय स्पीड गवर्नर की जांच पर्याप्त नहीं है। वाहनों के सड़कों पर परिचालन के दौरान भी स्पीड गवर्नर कार्य करना चाहिए इसकी जांच पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी सख्ती से करें और जिन वाहनों का स्पीड गवर्नर बंद मिले उसका फिटनेश प्रमाण पत्र निरस्त किया जाए। विशेषकर स्कूली बसों की चेकिंग अभियान चलाकर किया जाए।

लांगकुमेर ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में ऐसे होर्डिंग्स जो वाहन चालकों का ध्यान भंग करते हो उन्हें तत्काल हटाया जाय तथा शहरी क्षेत्रों में सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और ठेलों पर दुकान चलाने वालों को भी हटाया जाए तथा इस अतिक्रमण हटाने के लिये की गई कार्यवाही का छायाचित्र और वीडियो क्लीपिंग पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाए, जिसे दिल्ली में आयोजित त्रेमासिक बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. राजेश शर्मा ने सड़क दुर्घटना में घायलों के इलाज के लिए अस्पतालों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। सहायक पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा ने प्रदेश में सड़क दुर्घटना रोकने हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित बिन्दुओं का विवरण प्रस्तुत किया। इस बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

विस सीलिंग एक्ट के उल्लंघन का आरोप लगा कांग्रेस ने किया वॉकआऊट

रायपुर 13 फरवरी। बजट सत्र के सातवे दिन सदन में कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल ने सीलिंग एक्ट में उल्लंघन और सरकार द्वारा कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस ने बहिर्गमन किया। इस पर मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि दो चुनाव के मोड़ में आ गए हैं जिनको कोई संतुष्ट नहीं कर सकता और जनता कांग्रेस को फिर से सत्ता से बहिर्गमन का रास्ता दिखाएगीं।

सदन में भूपेश बघेल ने निजी कंपनियों को सीलिंग एक्ट में छूट देने का मामला उठाया। उन्होंने भारत सरकार के कानून का राज्य सरकार के कानून से ओवरलेप का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा था कि क्या आपसी सहमति से निजी कंपनियां अगर ज़मीन खरीदती हैं तो उसे अधिकतम खरीदी में छूट दी जा रही है। इस पर मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि भूमि के डायवर्सन के कारण छूट देने का पावधान है। डायवर्सन के बाद वो ज़मीन कृषि भूमि नही रह जाती।

श्री बघेल ने सवाल किया कि जिस ज़मीन का डायवर्सन नहीं हुआ है उस पर सीलिंग एक्ट लागू होगा या नहीं। मंत्री पांडेय ने कहा कि इस पर लागू होगा और कार्रवाई का अधिकार कलेक्टर को है। आपसी सहमति से भूमि खरीदी करने के मामले में भी मुआवजा देने की नीति हमने बनाई है। श्री बघेल मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीलिंग एक्ट का उल्लंघन हो रहा है सरकार कार्रवाई नही कर रही है। फिर नारेबाज़ी करते हुए कांग्रेस वॉक आऊट किया।

भागवत की भारतीय सेना के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी अक्षम्य - जोगी

रायपुर, 13 फरवरी। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा है कि मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश की छह दिवसीय संघ प्रमुख मोहन भागवत की यात्रा के अंतिम दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुये भारतीय सेना की क्षमता बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी सेना का मनोबल गिराने वाली है। उन्होंने कहा है कि मोहन भागवत की सेना को हतोत्साहित करने वाली अमर्यादित टिप्पणी जिसमें उन्होंने कहा है कि आर.एस.एस. के स्वयंसेवक केवल तीन दिन के अंदर युद्ध के लिये तैयार हो सकते हैं, वहीं भारतीय सेना के सैन्य कर्मियों को तैयार होने में छह-सात माह लग जाते हैं। मोहन भागवत का यह कथन अद्धत एवं अकल्पनीय है।

जोगी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर घोर आपत्ति दर्ज करते हुये कहा है कि भागवत ने भारतीय सेना एवं जांबाज सैनिकों की क्षमता पर उंगली उठाई है, जिससे देशवासी हतप्रभ हैं तथा भागवत की इस टिप्पणी पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी प्रतिक्रिया अवश्य करना चाहिए। इस गंभीर विषय पर नरेन्द्र मोदी व अमित शाह को चुप्पी नहीं साधना चाहिए तथा मोहन भागवत को देशवासियों एवं सेना तथा सैन्य कर्मियों से क्षमा याचना करना चाहिए। मोहन भागवत द्वारा इतना जोश खरोश दिखाने से पहले अपने संघ के अतीत की ओर झांक कर देखना चाहिए, जब संघ के स्वयंसेवक गुलाम भारत में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने तैयार क्यों नहीं हुए, मोहन भागवत जवाब दें।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मीडिया प्रमुख इकबाल अहमद रिजवी ने प्रदेश में खूंखार कुत्तों का हवाला देते हुये कहा है कि कुत्तों का कहर दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। जनता कुत्तों के खूंखार हमलों से परेशान है। सड़क पर चलना दूभर हो गया है। कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोक पाने में शासन-प्रशासन असफल। पशु चिकित्सक भी पशु चिकित्सालयों में उपलब्ध नहीं है क्योंकि सत्ता पक्ष के रसूखदारों की सिफारिश पर पशु चिकित्सकों को मलाईदार विभागों में बरसों से प्रतिनियुक्ति पर कुंडली मारकर बैठे है जिनकों वापस बुलाने में पशुपालन विभाग असफल सिद्ध हो चुका है। उदाहरणार्थ सहायक पशुचिकित्सक साजिद अहमद फारूकी विगत लगभग 12 वर्षों से वक्फ बोर्ड के मूल पद की पात्रता के विपरित नियम विरूद्ध बोर्ड में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर कुण्डली मारकर बैठे हैं। अज्ञात कारणवश वक्फ बोर्ड व सहायक पशु चिकित्सक डा. फारूकी एक-दूसरे से ऐसे चिपके है कि फेविकोल भी फेल सिद्ध हो चुका है। पशुपालन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से अपेक्षा है कि कुत्तों के आतंक एवं पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों की कमी को मद्देनजर रखते हुये प्रतिनियुक्ति पर भेजे गये सहायक पशु चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तत्काल समाप्त कर उनकी सेवायें मूल विभाग में वापस ली जाय।

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में विभिन्न आयोजन संपन्न

0 लाभाण्डी मे संपन्न हुई भगवान की प्राण प्रतिष्ठा

रायपुर 13 फरवरी। नगर की लाभाण्डी स्थित शांतिनगर में नवनिर्मित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान पद्मप्रभु स्वामी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सात दिवसीय पंचकल्याण महोत्सव, भव्य शोभायात्रा के साथ सौल्लास सम्पन्न हुई। आचार्य शिरोमणि श्री विद्यासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित इस विशिष्ठ धार्मिक अनुष्ठान में अंतिम दिन आज प्रातः अभिषेक शांतिधारा के साथ भगवान का मोक्ष गमन अग्नि संस्कार के साथ मोक्ष कल्याणक पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मध्याह्न में नवनिर्मित पर स्वर्णमयी कलषारोहण एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक पण्डित जयकुमार शास्त्री द्वारा सम्पन्न कराया गया। महोत्सव प्रचार समिति के श्री प्रदीप जैन ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर मुनि श्री योग सागर, मुनि श्री सम्भव सागर एवं मुनि श्री निर्लोभ सागर ने पंच कल्याणक महोत्सव की महिमा रेखांकित करते हुए कहा कि यह महोत्सव पाषाण से भगवान बनाने का महोत्सव है और महोत्सव में प्रतिष्ठत प्रतिमाएं आने वाले कई दषकों तक लोगों को धर्म आराधना कर आत्मकल्याण का मार्ग प्रषस्त करती रहेंगी। बहुत पुण्य अर्जन के उपरान्त ही जैन मंदिर का निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हो पाती है और आचार्य श्री द्वारा रायपुर में पहली बार पंचकल्याणक करवाने का मौका समाज को मिला है यह यहां की समाज का सौभाग्य है, अब यह लाभाण्डी नही लाभ की मण्डी कहलाऐगी जब भी आपको शांति चाहिए आप यहां आकर धर्म लाभ ले सकते हैं।

दोपहर में भगवान की भव्य ऋषभ रथ यात्रा निकालकर पंचकल्याण महोत्सव पांडाल की तीन परिक्रमा लगायीं गई। शोभा यात्रा में हाथी, बग्घीयों के साथ साथ बैंड बाजे आदि चल रहे थे। समस्त आयोजन में रायपुर एवं आसपास के शहरों के अलावा देष भर के विभिन्न शहरों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने उत्साह से भाग लिया तथा अपने जीवन को धन्य माना। बाहर से आये विषिष्टजनों का स्वागत श्री सुरेन्द्र पाटनी, पारस पापड़ीवाल, नरेन्द्र जैन गुरूकृपा, नवीन जैन, राजेष जैन आदि ने किया। आचार्य श्री के हार का सौभाग्य श्री संजय जैन (सतना वाले) को प्राप्त हुआ।